फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत – उपखण्ड अधिकारी मुकाम – जहाजपुर(भीलवाडा)

श्रीकिशन पिता कल्याण कंजर नि. कंजर कॉलोनी पण्डेर वगैरा

बनाम

निशा पुत्री कल्याण कंजर नि. कंजर कॉलोनी पण्डेर वगैरा

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 627 / 2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील मे जारी हुये
31.5.23	प्रार्थना पत्र सिंगे से बाद जॉच रिपोर्ट पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि **ग्राम कंजर कॉलोनीं प. ह. जसवन्तपुरा तहसील जहाजपुर में स्थित आ. न. 4263 कुल किता 1 रकबा 0.1862 हैक्टेयर** स्थित है। अप्रार्थीगण उक्त वर्णित कृषि आराजी के पडौसी है। अप्रार्थीगण से सीमा विवाद होने के कारण पत्थरगढी करवाये जाने की आवश्यकता है, अतः उक्त आराजी की पत्थरगढी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलग्न नकल जमाबन्दी सम्वत 2073 से 2076 तक के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी पत्थरगढी हेतु आवेदन की गई भूमि का खातेदार है। प्रार्थी द्वारा अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद होना बताया है, अतः न्यायालय पत्थरगढी किया जाना उचित समझता है। अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है तथा भूमि **ग्राम कंजर कॉलोनीं प. ह. जसवन्तपुरा तहसील जहाजपुर में स्थित आ. न. 4263 कुल किता 1 रकबा 0.1862 हैक्टेयर** की उभय पक्षों की उपस्थिति मे पत्थरगढी करने हेतु भू अभिलेख निरीक्षक पण्डेर को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 500– रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पत्थरगढी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावें। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पालना रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करे। आदेश आज दिनांक 31.5.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। **उपखण्ड अधिकारी,** **जहाजपुर (भीलवाडा)**	

राजस्थान–सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला भीलवाडा

क्रमांक / रीडर / 2023 /   / 2023   दिनांक :– 31 . 5 .2023

निमित

तहसीलदार जहाजपुर

विषय :– प्र. सं. 427 / 23 अनवान श्रीकिशन, श्यामा, सुनील, सोजी पिता कल्याण कंजर नि. कंजर कॉलोनी बनाम निशा, रामजस, शैतान, हेमा, हरीशा पिता कल्याण कंजर, ईन्द्रा पत्नि रामेश्वर कंजर, दिलबर, राजेश, शहजाद, अमीर, धीरज, काजल, अंजली पिता रामेश्वर कंजर, सुरेन्द्र पिता नन्दकिशोर कंजर, बिन्टु, लाला, भीला पिता रामकुंवार कंजर, ओमप्रकाश पिता राजू कंजर, विजय पिता राजू कंजर, मुकेश पिता भीया कंजर, नरेश पिता राजू कंजर, संजीत, पिंकू, बंटी, भीला पिता राजू कंजर, सागर पिता भीया कंजर, रणबीर, अकलेश पिता नन्दकिशोर कंजर, तारज पिता बंशी कंजर कंजर नि. कंजर कॉलोनी पण्डेर वगैराह की पत्थरगढी की पालना करने बाबत।

उपरोक्त विषयांकित उनवान के प्रकरण मे **ग्राम कंजर कॉलोनीं प. ह. जसवन्तपुरा तहसील जहाजपुर में स्थित आ. न. 4263 कुल किता 1 रकबा 0.1862 हैक्टेयर** भूमि की उभय पक्षों की उपस्थिति में पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक पण्डेर को कमीश्नर नियुक्ति किया जाता है। कमीश्नर फीस 500 रू. तय किये जाते हैं। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे। पत्थरगढी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावें। पालना रिपोर्ट 15 योम में पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी
जहाजपुर (भीलवाडा)